# दिनांक:– 15/04/2017 को हिलसा नगर परिषद में अयोजित मेगा कैम्प से संबंधित प्रतिवेदन :–

विभाग द्वारा निर्धारित तिथि के आधार पर हिलसा नगर परिषद में मेगा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें माननीय विधायक हिलसा, श्री शक्ति सिंह यादव के अतिरिक्त अन्य जनप्रतिनिधी, पार्षद, मुख्य पार्षद, पत्रकार एवं शहरी उपस्थित हुए।

कैम्प में सबके लिए आवास योजना के अन्तर्गत कुल 17 लाभुको को 50,000/– रुपये के दर से 8,50,000/– रुपये तथा द्वितीय किस्त के रूप में कुल 8 लाभार्थियो को 100000/– रुपये की दर से कुल 800000/– रुपये का भुगतान उनके बैक खाते में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कुल 135 लाभुको को 7500/– रुपये के दर से प्रथम किस्त के रूप में कुल 10,12,500/– रुपये का भुगतान उनके बैक खाते में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ही कुल 37 लाभुको को 4500/– रुपये के दर से द्वितीय किस्त के रूप में कुल 1,66,500/– रुपये का भुगतान उनके बैक खाते में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से किया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद हिलसा द्वारा बताया गया की स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पूर्व में कराये गये सर्वेक्षण के अनुसार 4492 शौचालय विहीन परिवार प्रतिवेदित था परंतु भौतिक सत्यापनोपरान्त वास्तविक रूप से 3656 शौचालय विहीन परिवार पाये गये है, जिसमें से अबतक 287 लाभुको का शौचालय का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा उन्हे द्वितीय की राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त कुल 3252 निर्माणाधिन शौचालय वाले लाभुको को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है। शेष बचे 117 लाभुको के बारे में कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इसमें से कुछ परिवार रोजगार के लिए अन्य शहरो में रह रहे है तथा कुछ परिवार के पास उनकी अपनी जमीन नहीं है।

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सामुदायिक शौचालय योजना के अन्तर्गत भूमीहीन परिवारों के लिए 8 सीट वाली दोमंजीला शौचालय के निर्माण का निविदा निकाला जा चुका है तथा दो अलग–अलग स्थानो पर 8 सीट वाली दोमंजीला शौचालय के निर्माण हेतु निविदा निकाले जाने की कार्रवाई की जा रही है।

सार्वजनिक शौचालय योजना के अन्तर्गत हिलसा बस स्टैन्ड परिसर में 12 सिटर दोमंजीला शौचालय के निर्माण हेतु निविदा निकालने की कार्रवाई की रही है। इनके द्वारा बताया गया की उपरोक्त सभी सामुदायिक शौचालय एवं सार्वजनिक शौचालय में एक समरर्सिबल पम्प तथा 2000 लिटर का 'ओभर हेड टैंक' का भी प्रावधान किया जा रहा है।

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी 26 वार्डो को ODF घोषित करने के लिए प्रोटोकॉल के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में सरकारी तथा निजी विद्यालयों के छात्रों तथा शिक्षकों, बार कांउसिल, रोटरी क्लब, लायन्स क्लब, व्यवसायिक संगठन, वाहन संघ आदि से घोषणा पत्र प्राप्त करने के लिए पर्याप्त संख्या में प्रपत्रो की छपाई कर वितरण किया जा चुका है। उम्मीद है कि जून माह के प्रथम सप्ताह तक सभी प्रकिया अपनाते हुए संपूर्ण नगर परिषद को शौच मुक्त घोषित कर दिया जाएगा।

मेरे द्वारा अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी जो निम्न प्रकार है—

**हर घर नल का जल योजना—**

26 वार्डो में से 3 वार्डो की मो0 1,28,40,765 रुपये की योजनाओं का निविदा प्रकियाधीन है, जिसका निस्तार दिनांक— 17.04.2017 को किया जाना है।

**हर घर तक पक्की गली नाली योजना—**

वित्तीय वर्ष 2016—17 में कुल 26 वार्डो में से स्वीकृत 24 वार्डो में कुल 1,00,99,700 रुपये की योजना ली गयी थी जिसमें से 21 योजनाएं पूर्ण कर ली गयी है तथा शेष 3 की अंतीम मापी करायी जा रही है इस प्रकार सभी योजना पूर्ण कर ली गयी है। वित्तीय वर्ष 2017—18 में सभी 26 वार्डो में 2.25 करोड़ रुपये की योजनाओं का निविदा का प्रकाशन किया जा चुका है।

**एन0यू0एल0एम0 योजना—**

नगर परिषद हिलसा में एन0यू0एल0एम0 योजना अक्टूबर **2016** से प्रारंभ हुआ है। इसके अन्तर्गत अबतक सात स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है जिसमें कुल 72 सदस्य है। सभी समूहों का खाता बैंक में खोला जा चुका है तथा मासिक बैठक लगातार आयोजित की जा रही है। चकचालित राशि प्राप्त होते ही वितरण किया जाएगा।

नगर परिषद हिलसा में **286 स्ट्रीट वेण्डर** को चिन्हित किया जा चुका है तथा चार **वेण्डिग** जोन का चयन किया जा चुका है जिसमें से एक **वेण्डिग जोन** के निर्माण का प्रस्ताव नगर विकास एवं आवास विभाग को स्वीकृती हेतु भेजा जा चुका है।

**लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र—**

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर परिषद हिलसा में वित्तीय वर्ष 2003—04 से 2016—17 तक प्राप्त आवंटन के विरूद्ध सभी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित किया जा चुका है।

**लंबित ए0सी0 / डी0सी0—**

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर परिषद हिलसा में ए0सी0 / डी0सी0 का कोई मामला लंबित नहीं है।

आज के मेगा कैम्प में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। जून माह के प्रथम सप्ताह तक शौचालय मुक्त क्षेत्र घोषित करने हेतु सभी प्रकिया जल्द–जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा कनीय अभियन्ता के नहीं होने के कारण आ रही समस्या के निदान हेतु तत्काल किसी बगल वाले नगर निकाय जिसमें कनीय अभियन्ता उपलब्ध हो को संबद्ध करने का प्रस्ताव नगर विकास एवं आवास विभाग को भेजे जाने का निर्देश दिया गया।

(अरविन्द कुमार झा)
सहा0 निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग
सह नोडल पदाधिकारी, जिला–नालन्दा।

ज्ञापांक :– 01/कैम्प कार्यालय हिलसा, दिनांक :– 15.04.2017

सहा0 निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग
सह नोडल पदाधिकारी, जिला–नालन्दा।